MAHD–07

December – Examination 2022

M.A. (Final) Examination

HINDI

(भाषाविज्ञान)

Paper : MAHD-07

*Time : **3** Hours*] [*Maximum Marks :* ***80***

निर्देश : यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) भाषा के कोई **तीन** अभिलक्षण लिखिए।

   (ii) भाषाविज्ञान के अध्ययन की पद्धतियाँ बताइए।

   (iii) पश्चिमी हिन्दी की बोलियाँ लिखिए।

(iv) 'अर्थ संकोच' से क्या तात्पर्य है ?

(v) बहुव्रीहि समास किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(vi) अष्टाध्यायी के रचनाकार कौन हैं ?

(vii) 'स्वनिम' किसे कहते हैं ?

(viii) अर्थ परिवर्तन के **तीन** कारण लिखिए।

खण्ड—ब **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

2. भाषा सम्बन्धी प्रमुख भारतीय एवं पाश्चात्य मतों का उल्लेख करते हुए भाषा की परिभाषा दीजिए।
3. ग्रिम नियम को स्पष्ट कीजिए।
4. वाक्य के तत्वों पर प्रकाश डालिए।
5. वाच्य एवं उनके प्रकारों पर प्रकाश डालिए।
6. "इतिहास और भाषाविज्ञान एक-दूसरे के पूरक हैं।" इस कथन पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

7. देवनागरी लिपि के नामकरण पर प्रकाश डालते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए।
8. हिन्दी शब्द-सम्पदा के स्रोतों का परिचय दीजिए।
9. शिक्षण का अर्थ बताते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए।

खण्ड—स **2×16=32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंक का है।

10. भारोपीय भाषा परिवार के महत्व, क्षेत्र-विस्तार तथा नामकरण पर प्रकाश डालिए।
11. पूर्वी हिन्दी का विकास बताते हुए उसकी बोलियों का परिचय दीजिए।
12. माध्यम भाषा से क्या तात्पार्य है ? माध्यम भाषा के रूप में हिन्दी की स्थिति स्पष्ट कीजिए।
13. रूप-परिवर्तन के कारण और दिशाओं का विवेचन कीजिए।